संपादकीय

चीन के दावे पर चिंता

चीन में प्रकाशित एक शोध-पत्र में उस विधि का जिक्र है, जिससे आरएसए एल्गारिद्म को तोड़ा जा सकता है। यह कार्य सिर्फ 372 क्यूबिट्स के क्वांटम कंप्यूटर से किया जा सकता है। इस दावे से दुनिया भर के विशेषज्ञ चिंतित हैं।

अगर सचमुच चीन के शोधकर्ताओं ने दुनिया के किसी भी ऑनलाइन इन्क्रिप्शन (पासवर्ड) को भेदने की सक्षता हासिल कर ली है, उससे तमाम देशों का चिंतित होना लाजिमी है। चीन के दावे का मतलब यह है कि वह किसी दूसरे देश के गोपनीय दस्तावेज हासिल करने में सक्षम है। पश्चिमी मीडिया में छपी खबरों के मुताबिक चीन में एक विज्ञान अनुसंधान पेपर दिसंबर के आखिर में प्रकाशित हुआ। उसमें उस विधि का जिक्र है, जिससे आरएसए एल्गारिद्म को तोड़ा जा सकता है। यह कार्य सिर्फ 372 क्यूबिट्स के क्वांटम कंप्यूटर से किया जा सकता है। यह क्षमता चीन के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों और सरकारी प्रयोगशालाओं के 24 अनुसंधानकर्ताओं ने विकसित की है। पश्चिम के कंप्यूटर सिक्युरिटी विशेषज्ञों ने कहा है कि यह बहुत बड़ा दावा है। उनके मुताबिक अगर यह दावा सच है तो यह कंप्यूटर विज्ञान के इतिहास में हुई सबसे बड़ी घटनाओं में एक है। इन विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया है कि चीनी शोध पत्र में जिस सिद्धांत का जिक्र है, उसमें दम है। लेकिन क्या इस सिद्धांत के मुताबिक व्यवहार में भी आरएसए तोड़ने की क्षमता चीन के पास है, इसको लेकर संदेह जताया गया है।

इस ओर ध्यान दिलाया गया है कि अभी क्वांटम टेक्नोलॉजी की जो क्षमता मौजूदा है, उससे व्यवहार में ऐसा करना मुश्किल लगता है। अमेरिका की एमआईटी से जुड़े वैज्ञानिक पीटर शोर के मुताबिक चीनी रिसर्चरों ने यह नहीं बताया है कि उनका एल्गोरिद्म कितनी तेजी से चलेगा। जब तक वैसा विश्लेषण सामने नहीं आता, संदेह की वजह बनी रहेगी। शोर एल्गोरिद्म की दुनिया के जाने-माने नाम हैं। उन्होंने 1994 में ऐसे एल्गोरिद्म का ढांचा तैयार किया था, जो कंप्यूटर इन्क्रिप्शन को तोड़ने में सक्षम था। लेकिन उनकी विधि से कंप्यूटर इन्क्रिप्शन को तोड़ने के लिए लाखों क्यूबिट्स की जरूरत होगी। अभी तक मौजूद क्वांटम कंप्यूटरों में इतनी क्षमता नहीं है। वैसे पिछले साल जर्मन गणितज्ञ क्लाउस पीटर श्नोर ने भी एक एल्गोरिद्म प्रकाशित किया था और दावा किया था कि यह आरएसए कोड को तोड़ने में अधिक सक्षम है। लेकिन बाद में सामने आया कि वह विधि व्यवहार में कारगर नहीं है। संभवतः चीनी दावे की भी अभी यही हकीकत हो!

दूसरे वनडे में रोहित शर्मा दे सकते हैं ईशान किशन और सूर्यकुमार को मौका

कोलकाता। भारत और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला गुवाहाटी में खेला गया था, जिसमें टीम इंडिया ने शानदार जीत हासिल की। इसी के साथ भारतीय टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त से आगे चल रही है। सीरीज का दूसरा मैच गुरुवार, 12 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना है। पहले मैच में विराट कोहली, रोहित शर्मा और शुभमन गिल तीनो ने अच्छा प्रदर्शन किया। मगर श्रेयस और केएल राहुल कुछ खास नहीं कर पाए।

ऐसे में भारतीय टीम दूसरे वनडे में कुछ बदलावों के साथ उतर सकती है। ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक लगाया था, लेकिन उन्हें पिछले मैच में मौका नहीं मिला। वहीं, श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखरी मुकाबले में शतक जड़ने वाले स्टार बल्लेबाज़ सूर्यकुमार यादव को भी प्लेइंग-11 में जगह नहीं मिली। ऐसे में दूसरे वनडे में रोहित शर्मा इन दोनों खिलाड़ियों को मौका दे सकते हैं।

मध्यक्रम में हो सकता है बदलाव

भारतीय टीम के मध्य क्रम में केएल राहुल केकी जगह ईशान किशन और श्रेयस अय्यर की जगह सूर्यकुमार यादव खेलते हुए नजर आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त रोहित शर्मा टीम में और कोई बदलाव नहीं करना चाहेंगे। गेंदबाजी में एक बार फिर युजवेंद्र चहल, उमरान मलिक, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी को मौका मिल सकता है। हार्दिक पांड्या के बल्ले से कोई बड़ी पारी नहीं आयी है ऐसे में उनपर सभी की नजरें टिकी होंगी।

आपको बता दें भारतीय टीम ने सितंबर 2017 के बाद से ईडन गार्डन्स पर कोई वनडे मैच नहीं खेला है। काफी लम्बे अरसे के बाद टीम इंडिया इस मैदान पर वनडे मुकाबला खेलने उतरेगी। यहां खेले गए आखरी वनडे में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 50 रन से शिकस्त दी थी। टीम इंडिया ने अब तक इस मैदान पर 21 वनडे खेले हैं, जिसमें से 12 में उसे जीत मिली है और आठ मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

48 साल बाद विश्व कप में पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

❑ पहला मुकाबला स्पेन से

राउरकेला। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पुराना गौरव लौटाने की दिशा में पहला कदम रख चुकी भारतीय हॉकी टीम शुक्रवार को स्पेन के खिलाफ पुरुष हॉकी विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी तो उसका इरादा विश्व कप में पदक के लिये 48 साल का इंतजार खत्म करने का होगा। ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीत चुकी भारतीय टीम ने एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में अजितपाल सिंह की कप्तानी में जीता था। रीड के 2019 में कोच बनने के बाद से भारत का कद अंतरराष्ट्रीय हॉकी में बढा है। इस वर्ष एफआईएच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर में से हैं। उनके अलावा अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह पर सफलता का दारोमदार होगा। डिफेंडर अमित रोहिदास भी काफी अनुभवी हैं और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ भी हैं। फॉरवर्ड आकाशदीप सिंह पर भी सभी की नजरें होंगी। भारत का सामना कल स्पेन से होगा और मेजबान की मंशा जीत के साथ शुरूआत करने की होगी ताकि क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बना सके। हर ग्रुप से शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी और दूसरे तथा तीसरे स्थान की टीमों के बीच क्रॉसओवर मैच होंगे। भारत और स्पेन का मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में 10 जनवरी 2023 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.31 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान संग्रहित शुद्ध कर संग्रह की तुलना मं 19.55 प्रतिशत अधिक है।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 10 जनवरी 2023 तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 14.71लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में संग्रहित कर की तुलना में 24.58 प्रतिशत अधिक है। अब तक संग्रहित प्रत्यक्ष कर चालू वित्त वर्ष में बजट अनुमान का 86.68 प्रतिशत है। अब कार्पोरेट कर संग्रह 19.72 प्रतिशत और व्यक्तिकर आयकर संग्रह 30.46 प्रतिशत बढ़ा है।

चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 10 जनवरी 2023 तक कुल 2.40 लाख करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में किये गये रिफंड की तुलना में 58.74 प्रतिशत अधिक है।

जियो की 5जी दूरसंचार सेवा 100 दिनों में 101 शहरों में पहुंची

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने 100 दिनों में 101 शहरों में अपनी ट्रू 5जी शुरू कर 5जी नेटवर्क के प्रसार के मामले में अपने प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे हो गयी है। कंपनी ने उत्तराखंड में देहरादून में 5जी नेटवर्क चालू करने के साथ ही बुधवार को दक्षिण में तमिलनाडु के छह शहरों में 5जी नेटवर्क चालू कर पांचवी पीढ़ी के नेटवर्क के बिछाने के अपने अभियान के 100 दिन में 101 शहर को इससे जोड़ चुकी है।

कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री थिरु टी मनो थंगराज ने कोयम्बटूर, मदुरै, तिरुचिरापल्ली, सेलम, होसुर और वेल्लोर शहरों में जियो ट्रू 5जी नेटवर्क का शुभारंभ किया । इन 6 शहरों के साथ ही जियो के 5जी नेटवर्क से कनेक्ट होने वाले शहरों की संख्या 101 पहुंच गई है।

जियो के 5जी रोलआउट की स्पीड अपनी प्रतिद्वंदी कंपनियों से कहीं तेज़ है। उद्योग जगत की रिपोर्टों के अनुसार निजी क्षेत्र की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल अपने 5जी नेटवर्क का विस्तार कर के 30 शहरों तक पहुंची है। तीसरी बड़ी कंपनी वीआई (वाडा आइडिया)5जी स्पेक्ट्रम आवंटित होने के बाद भी अभी तक 5जी के शुरू नहीं कर सकी है।

रिलायंस जियो ने चार अक्टूबर 2022 को 5जी नेटवर्क शुरू करने का काम शुरू किया था और अब तक दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकत्ता जैसे मैट्रो शहरों के साथ अनेकों छोटे-बड़े शहरों सहित कुल 101 शहरों में उसकी ये सेवाएं पहुंच गयी हैं। कंपनी की तीव्र मोबाइल नेटवर्क सेवा नाथद्वारा, महाकाल मंदिर, कामाख्या मंदिर, गुरुवायुर, तिरुपति जैसे धार्मिक महत्व के स्थानों पर उपलब्ध है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने तमिलनाडु में 5जी नेटवर्क खड़ा करने के लिए जियो ने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से तमिलनाडु में करीब एक लाख लोगों को रोजगार मिला है।

एनटीपीसी कोयला उत्पादन में 51 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड की कोयला खनन यूनिट ने चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 51 फीसदी अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की है। एनटीपीसी के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने आज बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष (2021-22) के अप्रैल-दिसंबर में 90.65 लाख टन कोयला उत्पादन किया था। उसकी तुलना में चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 140.55 लाख टन उत्पादन किया गया है।

उन्होंने बताया कि चार परिचालन कोयला खदान पकड़ी-बरवाडीह (झारखंड), चट्टी-बरियातू (झारखंड), दुलंगा (ओडिशा) और तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़) ने अपनी स्थापना के बाद से दिसंबर-2022 में 22.83 लाख टन का उच्चतम मासिक कोयला उत्पादन किया।

इसी तरह इस दौरान एनटीपीसी की कैप्टिव (केवल अपने इस्तेमाल के लिए आवंटित) कोयला खदानों ने कंपनी के 22 से अधिक बिजली संयंत्रों को 600.95 लाख टन कोयले की आपूर्ति की है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर -दिसंबर 2022) में एनटीपीसी ने 50.79 लाख टन कोयले का उत्पादन किया है, जो अब तक किसी तिमाही में कंपनी का सबसे अधिक कोयला उत्पादन है । इस दौरान एनटीपीस के बिजली संयंत्रों को 50.42 लाख टन कोयला भेजा गया है, जो कि स्थापना के बाद से अब तक का सबसे अच्छा तिमाही प्रदर्शन है।

एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन के साथ-साथ दिसंबर-2022 में 89.16 लाख घनमीटर का अब तक का सर्वाधिक मासिक ओवरबर्डन (कोयला ब्लाक की ऊपरी सतह की मिट्टी आदि) हटाने का लक्ष्य भी हासिल किया है और पिछले वर्ष की समान अवधि में 206.08 लाख घनमीटर की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 448.77 लाख घनमीटर का ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य हासिल किया है।

ह्युंडई ने पेश की इलेक्ट्रिक एसयूवी आयनिक5, कीमत 44.95 लाख

ग्रेटर नोएडा। यात्री वाहन बनाने वाली दूसरी बड़ी कंपनी ह्युंडई मोटर इंडिया ने आज ऑटो एक्सपो में अपनी नयी इलेक्ट्रिक एसयूवी आयनिक5 लाँच करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत 44.95 लाख रुपये है।

कंपनी के ब्रांड अंबेसडर एवं अभिनेता शाहरूख खान ने इस एसयूवी को लाँच किया जो डेडिकेटेड बीईवी प्लेटफॉर्म ई-जीएमपी (इलेक्ट्रिक ग्लोबल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म) पर पेश किया गया कंपनी का पहला मॉडल है। इस एसयूवी में 350 किलोवॉट का चार्जर है जिससे इसकी बैटरी 18 मिनट में 10 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। फुल चार्ज होने पर यह कार 631 किलोमीटर चलेगी। इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है और एक लाख रुपये में इसकी बुकिंग की जा सकती है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ उनसू किम ने कहा,हम बेहतर एवं पर्यावरण के अनुकूल भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं और ऐसे में आयनिक5 के रूप में भारत में इस ब्रांड को पेश करते हुए हमें गर्व हो रहा है। यह प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

विजय की वारिसु और अजीत की थुनिवु ने की धमाकेदार शुरुआत

तमिलनाडु में फिल्म वरिसु और थुनिवु के रिलीज के साथ ही पोंगल का त्योहार शुरू हो गया है. साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने सितारों, विजय और अजीत कुमार स्टारर इन फिल्मों ने फैंस से उत्साहजनक रिएक्शन प्राप्त की हैं. आपको बता दें कि, फिल्म थुनिवु के शो तमिलनाडु में 1 बजे से ही शुरू गया था और वारिसु का शो लगभग 4 बजे शुरू हो गया था. साथ ही दोनों स्टार्स की फिल्में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं. बता दें कि, यह पहली बार नहीं है जब विजय और अजीत स्टारर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं. हालाँकि, इस बार प्रतियोगिता काफी ज्यादा धमाकेदार हो रही है, जो इस बात पर चल रही है कि कौन बड़ा स्टार है, अजित या विजय?

सभी बहस और प्रमोशन के बीच, वारिसु और थुनिवू के फैंस काफी क्रेजी हो गए हैं. यहां तक की चेन्नई के कुछ हिस्सों में कुछ घटनाओं की भी सूचना मिली है. एक थिएटर में तोडफ़ोड़ करने से लेकर पार्टी के दौरान अजीत के एक फैन की मौत तक, इन फिल्मों की रिलीज ने सभी को चौंका दिया है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनो फिल्मों ने काफी अच्छी कमाई की है. दोनों फिल्मों के पहले दिन के कलेक्शन औसत थे, तमिलनाडु: ॠवारिसु और ॠथुनिवू दोनों के लिए औसत रिपोर्ट! दोनों के लिए पहले दिन की ओपनिंग कमोबेश लगभग 16-18 करोड़ की रेंज में समान होगी. उसी पर एक आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है.

श्रद्धा कपूर के नाम एक और बायोपिक, बनेंगी रुखसाना कौसर

लम्बे समय से सिनेमाई परदे से दूर रही अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी अगली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे पहली बार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। लव रंजन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म काफी लम्बे समय से चर्चाओं में है। कुछ दिन पूर्व ही लव रंजन ने इस फिल्म का शीर्षक जारी किया था। तू झूठी मैं मक्कार के अतिरिक्त श्रद्धा कपूर की चर्चा सिने गलियारों में एक और फिल्म को लेकर हो रही है। यह एक बायोपिक है जिसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

श्रद्धा कपूर के करियर में यह दूसरी बायोपिक होने जा रही है। इससे पहले वे हसीना पार्कर के रूप में दर्शकों के सामने आ चुकी हैं।

आज का राशिफल

मेष : आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को पूरा करने में समय व्यतीत करेंगे। आपकी योग्यता उभरकर सबके सामने आएगी। इस समय ग्रह गोचर आपके पक्ष में है। जीवनसाथी व आपका आपसी सहयोग रहेगा। घर तथा व्यवसाय संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लेंगे।

वृष : आज कड़ी मेहनत व परिश्रम से बेहतर उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं को कार्य रूप देने से पहले किसी जानकार के साथ अच्छी तरह सलाह-मशविरा अवश्य कर लें।

मिथुन : आप में हिम्मत और साहस भरपूर रहेगा। अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कोई भी तरीका अपनाकर सफलता हासिल करेंगे। किसी मनोहर जगह जाकर बदलते मौसम और प्रकृति का आनंद उठाने का भी मौका मिलेगा।

कर्क : समय तरक्की दायक चल रहा है। लक्ष्य को पाने के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगे। मीडिया, कला, ऑनलाइन आदि से संबंधित कार्यों में विशेष सफलता हासिल होगी। आर्थिक मामलों पर गंभीरता से विचार करना अति आवश्यक है।

सिंह : आज कुछ अनूठा या नया करने की धुन सवार रहेगी। रूपए-पैसे के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। विशेष तौर पर महिलाओं के लिए समय बहुत ही अनुकूल है। उन्हें अपनी योग्यता व कार्य क्षमता का प्रदर्शन करने का भरपूर मौका मिलेगा।

कन्या : बॉस व अधिकारियों के साथ रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। धन प्राप्ति के योग प्रबल बने हुए हैं इसलिए अपने काम के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें। सहकर्मियों का भी पूर्ण सहयोग रहेगा।

तुला : काम में विस्तार की योजना को कार्य रूप में परिणत करने का उचित समय है। परंतु शेयर, सट्टा जैसे रिस्की काम में निवेश करने से बचें। नौकरी में बॉस या अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं।

वृश्चिक : आज फोन द्वारा कोई महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होगी जो कि भविष्य संबंधी कार्यों के लिए फायदेमंद साबित रहेगी। परिवार तथा परिवार जनों की जरूरतों व इच्छाओं को प्राथमिकता देना उनके मन में आपके प्रति सम्मान उत्पन्न करेगा।

धनु : व्यवसायिक गतिविधियों में अपने प्रतिद्वंद्वियों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आप अपनी प्रतिभा के दम पर कार्यस्थल पर एक नई पहचान बनाने में सक्षम रहेंगे।

मकर : आज कोई आश्चर्यचकित करने वाली घटना घटित हो सकती है। नए-नए संपर्क बनेंगे। घर में कीमती वस्तुओं की शॉपिंग भी होगी। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता परीक्षा में पूरे आत्मविश्वास से कामयाबी हासिल करेंगे।

कुंभ : तकनीकी कामों से जुड़े बिजनेस में बेहतरीन सफलता प्राप्त हो सकती हैं। परंतु ध्यान रखें कि कहीं पैसा अटक सकता है इसलिए आज धन संबंधी लेनदेन ना ही करें। नौकरी में त्योहारों की वजह से कार्यभार की अधिकता रहेगी।

मीन : दिन की शुरुआत में कुछ परेशानियां सामने आएंगी, परंतु आप अपनी सकारात्मक सोच द्वारा परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने के लिए सक्षम भी रहेंगे। आपके हाथों समाज सेवा संबंधी कोई कार्य भी संपन्न होगा।

घर बैठे बनाएं साउथ इंडियन स्टाइल स्वादिष्ट सांभर

इडली- डोसा और सांभर तो सभी को पसंद होता है। अगर आप भी साउथ इंडियन स्टाइल सांभर के शौकीन हैं, तो इस आसान विधि को फॉलो कर आप इसे घर पर भी ट्राई कर सकते हैं।

सामग्री :

एक कप तुअर दाल
एक कटा टमाटर
एक कटा प्याज
तीन सहजन फली
10 कड़ी पत्ते
1/4 कप इमली गूदा
एक टुकड़ा गुड़
1/4 चम्मच हल्दी
एक चम्मच राई
एक चुटकी हींग
तीन चम्मच सांभर मसाला
2-3 सूखी लाल मिर्च
एक चम्मच तेल
स्वादानुसार नमक

विधि :

सबसे पहले इमली को धोकर इसे 20 से 25 मिनट के लिए पानी में भिगोकर रख दें।

अब तुअर की दाल को अच्छे धोकर सुखा लें और प्रेशर कुकर में दो कप पानी, दाल, कटी हुई सब्जियां और इमली का गूदा डाल दें।

इसके बाद कुकर में भी स्वादानुसार नमक और हल्दी डालकर इसे तीन से चार सीटी आने तक इसे पकने दें।

अब एक कढ़ाई में उबली दाल डालकर पकाएं और इसमें थोड़ा सा पानी भी डाल दें।

जब दाल उबल जाए तो इसमें गुड, सांभर पाउडर डालकर 10 मिनट तक और पकाएं।

इसके बाद तड़का लगाने के लिए एक बर्तन में राई,खड़ी लाल मिर्च, हींग, कड़ी पत्ता डालें।

सब अच्छे से भुन जाने के बाद आप इससे सांभर में तड़का लगा दें।

अंत में सांभर को इडली या डोसे के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 310

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 309 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

सू-दोकू- 310

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.309 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6